दिन—बुधवार | दिनांक— 29 / 01 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 6.35 बजे से। | अवधि — 15 मिनट

---

01. प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या का अमृत स्नान सुचारू रूप से जारी है। अब तक देशभर के विभिन्न भागों से आए करोड़ों श्रद्धालु लगा चुके हैं आस्था की डुबकी।

02. महाकुंभ में देर रात हुई भगदड़ की घटना में तीस लोगों की मौत, नब्बे अन्य घायल। महाकुंभ डीआईजी वैभव कृष्ण ने की घटना की पुष्टि।

03. राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस दुखद घटना पर गहरी संवेदना जताई।

04. और, वक्फ संशोधन विधेयक, दो हजार चौबीस पर संयुक्त संसदीय समिति ने विधेयक से संबंधित चौदह खंडों पर संशोधन के साथ मसौदा रिपोर्ट को स्वीकार किया।

———————————————————————————

सबसे पहले खबरें महाकुंभ से....

———म्यूजिक———

महाकुंभ में मौनी अमावस्या का अमृत स्नान सुचारू रूप से जारी है। प्रयागराज के महाकुंभ में मौनी अमावस्या के अवसर पर विभिन्न अखाड़ों के साधु—संतों ने आज त्रिवेणी संगम पर अमृत स्नान किया। इस अवसर पर संत—समुदाय पर पुष्पवर्षा की गई। हमारे संवाददाता ने बताया है कि महाकुंभ के दूसरे अमृत स्नान में लाखों श्रद्धालु त्रिवेणी संगम पर आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। मौनी अमावस्या का धार्मिक महत्व है और इस दिन अमृत स्नान को अत्यधिक शुभ माना जाता है। अभी तक देश के विभिन्न भागों से आये करोड़ों श्रद्धालु पवित्र स्नान कर चुके हैं। विश्व का सर्वाधिक विशाल धार्मिक आयोजन महाकुंभ मेला तेरह जनवरी को शुरू हुआ और अब तक लगभग पच्चीस करोड़ श्रद्धालु पवित्र डुबकी लगा चुके हैं।

———————————————————————————

मौनी अमावस्या के अवसर पर राज्य के विभिन्न भागों में भी श्रद्धालुओं ने गंगा और अन्य पवित्र नदियों में स्नान कर दान—पुण्य किया। इस अवसर पर बेगूसराय के सिमरिया गंगा धाम, बक्सर के रामरेखा घाट, भागलपुर के सुलतानगंज, मुंगेर के कष्टहरनी घाट, सारण के कोनहारा घाट और पटना में गंगा नदी के विभिन्न घाटों पर

श्रद्धालु की भारी भीड़ उमड़ी। इधर, पश्चिम चंपारण जिले के वाल्मीकिनगर में पवित्र त्रिवेणी संगम पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई।

———म्यूजिक———

———————————————————————————————

प्रयाग राज महाकुंभ में देर रात हुई भगदड़ की घटना में तीस लोगों की मौत हो गयी, जबकि नब्बे अन्य लोग घायल हो गए। छत्तीस घायलों का इलाज स्थानीय अस्पताल में किया जा रहा है, जबकि बीस लोग इलाज के बाद अपने घर को लौट चुके हैं। महाकुंभ डीआईजी वैभव कृष्ण ने इस घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि पच्चीस शवों की पहचान की जा चुकी है।

———बाइट———

———————————————————————————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेला क्षेत्र में आज सुबह हुई दुर्घटना के बारे में कहा कि अवरोधों को पार करने की कोशिश में कुछ श्रद्धालु घायल हुए हैं। श्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज की घटना की स्थिति की जानकारी लेने के लिए उनसे कई बार बात की है।

———बाइट———

रात्रि को एक से दो बजे के बीच में अखाड़ा मार्ग पर बैरिकेड्स को फांद करके आने में कुछ श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हुए हैं, उन्हें तत्काल हॉस्पिटल में पहुंचा करके उपचार आदि की व्यवस्था उनके लिए की गई है। उनमें से कुछ श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हैं। लगातार प्रशासन स्थानीय स्तर पर श्रद्धालुओं की सकुशल स्नान कराने के दृश्य से मौनी अमावस्या का मुहूर्त प्रारंभ होने के बाद से लगा हुआ है। प्रयागराज में हालात वर्तमान में नियंत्रण में हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा तथा राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने स्थिति की जानकारी के लिए उनसे बात की है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में आठ से दस करोड श्रद्धालु मौजूद हैं। मुख्यमंत्री लोगों से अपील की है कि वे अपने समीप के घाट पर स्नान करें और अफवाहों पर ध्यान न दें।

———बाइट———

मेरी अपील है पूरे प्रदेशवासियों से, पूरे देशवासियों से और सभी श्रद्धालुओं से भी, सभी पूज्य संतों से भी कि अफवाह पर कोई ध्यान न दें, संयम से काम लें। यह सब आयोजन सभी लोगों का है, प्रशासन उनकी सेवा के लिए पूरी तत्परता के साथ लगा हुआ है। केंद्र और राज्य सरकार पूरी मजबूती के साथ वहां पर हर प्रकार का सहयोग करने के लिए तत्पर है और जहां पर हैं आप लगभग 15 से 20 किलोमीटर के दायरे में अस्थायी घाट बनाए गए हैं, उसमें कहीं भी वे स्नान कर सकते हैं। आवश्यक नहीं की संगम नोज की तरफ ही आएं।

———————————————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि प्रयागराज के महाकुंभ में भगदड़ की घटना बेहद दुखद है। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट में हादसे में जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इस हादसे में जिन श्रदालुओं ने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की और कहा कि स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद देने में जुटा हुआ है।

———बाइट———

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि महाकुंभ में हुए इस दुखद हादसे पर उन्हें गहरा दुख है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव, विधानसभा के सभापति अवधेश नारायण सिंह, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव समेत विभिन्न दलों के वरिष्ठ नेताओं ने इस घटना पर गहरा दुख जताया है।

———————————————————————————————————

रेलवे ने सोशल मीडिया पर चल रही उन अफवाहों का खंडन किया है, जिनमें कहा जा रहा है कि महाकुंभ के लिए कुछ विशेष ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं। आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए रेलवे बोर्ड के सूचना एवं प्रसार के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने इन खबरों को पूरी तरह से निराधार और भ्रामक बताया।

———बाइट———

महाकुंभ के लिए भारतीय रेल द्वारा व्यापक व्यवस्था की गई है। इस महाकुंभ के दौरान भारतीय रेल द्वारा 13 हजार चार सौ से अधिक गाड़ियों का परिचालन किया जा रहा है। कुछ सोशल मीडिया साइट्स पर ऐसी बातें सामने आई है कि रेलवे ने गाड़ियों को कैंसिल किया है, इस बात में सच्चाई नहीं है। भारतीय रेलवे ने जिन गाड़ियों को चलाने की घोषणा की है उन सारी गाड़ियों का परिचालन किया जा रहा है। जिसमें विशेष गाड़ियां भी शामिल हैं।

इधर, रेलवे प्रशासन ने बताया है कि आज एक सौ नब्बे विशेष रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने मीडिया से बातचीत में बताया कि स्नान करने के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने घर लौटने के लिए रेलवे स्टेशन की ओर आ रहे हैं।

———————————————————————————————————

और इस वक्त खबर मिल रही है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रत्येक मृतक के परिजनों के लिए पच्चीस–पच्चीस लाख रूपये मुआवजे की घोषणा की है।

———————————————————————————————

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन को मंजूरी दे दी है। इसके तहत हरित प्रौद्योगिकियों को प्रोत्साहन देने के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण खनिज संसाधनों के लिए एक लचीली मूल्य श्रृंखला बनाने का निर्णय लिया गया है। आज नई दिल्ली में पत्रकारों को संबोधित करते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी।

———बाइट———

श्री वैष्णव ने बताया कि गन्ना फीडस्टॉक से इथेनॉल खरीद की कीमत को भी मंजूरी दे दी है। गन्ना फीडस्टॉक में सी–हैवी गुड़, बी–हैवी गुड़ और गन्ने का रस, चीनी और चीनी सिरप शामिल हैं।

———बाइट———

———————————————————————————————

वक्फ संशोधन विधेयक, दो हजार चौबीस पर संसद की संयुक्त समिति ने आज मसौदा रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया है। जेपीसी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समिति की रिपोर्ट कल लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंप दी जाएगी। श्री पाल ने बताया कि जेपीसी ने विधेयक से संबंधित चौदह खंडों पर संशोधन को स्वीकार किया है।

———बाइट———

आज जो जेपीसी की ड्रॉफ्ट रिपोर्ट थी और जेपीसी का जो क्लॉज बाइ क्लॉज जो हम लोगों ने 27 तारीख को हमारे 14 क्लॉजेस में अमेंडमेंट्स किए थे उसका अमेंडेड जो बिल था दोनों को मेजोरिटी के साथ अडॉप्ट किया सभी सदस्यों ने। पहली बार हमने इस सेक्शन को जोड़ा है। जिसको एडाप्ट किया गया है। कल हम लोग इसको स्पीकर साहब को प्रस्तुत करेंगे

———————————————————————————————

दिनभर खिली धूप रहने से प्रदेश के विभिन्न भागों में ठंड में कमी दर्ज की गई है। हालांकि राज्य के उत्तर–पश्चिम, दक्षिण–मध्य और दक्षिण–पूर्व भागों में कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान अभी भी दस डिग्री सेलिसयस से नीचे बना हुआ है। वहीं, हिमालय के तराई वालें क्षेत्रों में सुबह के समय मध्यम से घना कोहरा छाया रहा। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चार दिनों तक मौसम में किसी बड़े परिवर्तन की संभावना नहीं है। इसके बाद प्रदेश के विभिन्न भागों के तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है।

–––बाइट–––

————————————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के दौरान कटिहार में लगभग एक सौ छियासठ करोड़ रूपये की लागत वाली एक सौ पैंतालीस योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों के साथ संवाद किया। श्री कुमार ने मनिहारी स्थित गोगा बिल झील का हवाई सर्वेक्षण कर जायजा लिया।

————————————————————————————————

पुलिस मुख्यालय ने बत्तीस पुलिस अवर निरीक्षक समेत सैंतालीस पुलिस अधिकारियों और कर्मियों का तबादला कर दिया है। ये पुलिस कर्मी लंबे समय से अपने स्थानांतरण की प्रतिक्षा में थे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रशासनिक सुधार और पुलिस की कार्यक्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से यह तबादला किया गया है।

————————————————————————————————

गया जिले में एम्बुलेंस कर्मियों ने साथी की हत्या के विरोध में आज एम्बुलेंस सेवा बंद कर घंटों प्रदर्शन किया। जिसके कारण मुख्य सड़क पर जाम लग गया।

————————————————————————————————

पश्चिम चंपारण जिला मुख्यालय, बेतिया में महापौर गरिमा देवी सिकारिया की अध्यक्षता में नगर निगम बोर्ड की बैठक हुई। बैठक में ऐतिहासिक कालीबाग मंदिर के जीर्णोद्धार समेत कई प्रस्ताव पर सहमति बनी।

————————————————————————————————

खगड़िया जिले के बेलदौर थाना क्षेत्र अंतर्गत सकरोहर गांव से पुलिस और एसटीएफ की टीम ने दोहरे हत्याकांड मामले में अभियुक्त और पच्चीस हजार का ईनामी अपराधी राणा मंडल को गिरफ्तार कर लिया।

---

अररिया के टाउन हॉल में उर्दू निदेशालय की ओर से सेमिनार मुशायरा और कार्यशाला का आयोजन किया गया।

---

दानापुर जंक्शन के रेलयार्ड में रेलवे, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की संयुक्त टीम ने रेल दुर्घटना के समय प्रभावितों को तुरंत राहत पहुंचाने के लिए मौक अभ्यास किया।

---

सुपौल सदर प्रखंड के कर्णपुर न्यू पुलिस लाइन के पास राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या– तीन सौ सत्ताईस पर वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक वाहन से भारी मात्रा में गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या का अमृत स्नान सुचारू रूप से जारी है। अब तक देशभर के विभिन्न भागों से आए करोड़ों श्रद्धालु लगा चुके हैं आस्था की डुबकी।

02. महाकुंभ में देर रात हुई भगदड़ की घटना में तीस लोगों की मौत, नब्बे अन्य घायल। महाकुंभ डीआईजी वैभव कृष्ण ने की घटना की पुष्टि।

03. राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस दुखद घटना पर गहरी संवेदना जताई।

04. और, वक्फ संशोधन विधेयक, दो हजार चौबीस पर संयुक्त संसदीय समिति ने विधेयक से संबंधित चौदह खंडों पर संशोधन के साथ मसौदा रिपोर्ट को स्वीकार किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।